एम.आर.पी.-002

00092

रेडियो प्रसारण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम (PGDRP)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2009

एम.आर.पी.-002 : रेडियो माध्यम

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. रेडियो में साक्षात्कार का क्या महत्व है? रेडियो साक्षात्कार की तैयारी किस तरह से की जाती है? लाइव साक्षात्कार और रिकार्डेड साक्षात्कार में किस तरह की सावधानियाँ रखी जानी चाहिए? स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

रेडियो साक्षात्कार को स्वाभाविक और प्रभावी बनाने के लिए क्या किया जाना चाहिए? एक खिलाड़ी, साहित्यकार, वैज्ञानिक और राजनेता के साक्षात्कार के लिए तैयारी में किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 20

2. रेडियो कार्यक्रम निर्माण के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डालते हुए संपादन के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। 20

अथवा

रेडियो लेखन के प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए बताइए कि बच्चों के कार्यक्रमों के लेखन में किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए? 20

3. रेडियो रूपक और नाटक में क्या अंतर है? इन दोनों के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए : 20

(a) रेडियो में विशिष्ट वर्गों के लिए कार्यक्रम

(b) रेडियो वार्ता

(c) रेडियो परिचर्चा

4. उद्घोषक (कॉम्पीयर) और एंकर में क्या फर्क है? क्या आप मानते हैं कि रेडियो में उद्घोषक की प्रासंगिकता समाप्त हो गयी है? चर्चा कीजिए। 20

अथवा

रेडियो के लिए लेखन मुद्रित माध्यमों के लिए लेखन से किस तरह अलग है? उदाहरण सहित रेडियो लेखन की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 20

5. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर दस मिनट का रेडियो रूपक तैयार कीजिए : 20

(a) खतरे में बाघ

(b) दीपावली

(c) बाल दिवस

(d) धरती का बढ़ता तापमान और मौसम परिवर्तन

(e) ताजमहल

- o 0 o -